>

Title: Need to implement AMRUT scheme in Dausa Parliamentary Constituency, Rajasthan.
*m01

श्रीमती जसकौर मीना (दौसा): मेरे संसदीय क्षेत्र दौसा, राजस्थान में नगर परिषद एवं नगर पालिका क्षेत्र में AMRUT योजना के तहत एक भी जगह का चयन नहीं किया गया है । यह सम्पूर्ण क्षेत्र नल, बिजली, पानी, सड़क एवं मूलभूत सुविधा से वंचित है । नगर परिषद दौसा को अमृत योजना में चयन कर बुनियादी सुविधाएं जैसे बिजली, जलापूर्ति, मलप्रवाह पद्धति, कूड़ा प्रबंधन, वर्षा जल संरक्षण, परिवहन, बच्चों एवं वृद्धजन हेतु पार्क, अच्छी सड़क और चहुं ओर हरियाली आदि विकसित की जावेगी । कस्बों का विकास करने वाली इस महत्वपूर्ण योजना में मेरे संसदीय क्षेत्र का चयन करने की अपील करती हूं । मेरे क्षेत्र मुख्यालय एवं बड़े कस्बों में जन सहभागिता का मैं आपको विश्वास दिलाती हूं ।